BC TRANSPLANT
Provincial Health Services Authority

# साइक्लोस्पोरिन (CYCLOSPORINE[CYCLO-SPOR-IN])

- निओरल के नाम से भी जानी जाती है; मुलायम जैलेटिन कैप्सूल या पीनेपपीने वाली दवा के रूप में उपलब्ध है

## यह दवा कैसी दिखती है? (What does the medication look like?)

| साइक्लोस्पोरिन 10 मिग्रा, 25 मिग्रा, 50 मिग्रा, 100 मिग्रा, कैप्सूल | साइक्लोस्पोरिन तरल-द्रव्य 100 मिग्रा/mL |
|---|---|
|     |   |

## यह दवा किस लिए है? (What is this medication for?)

आपके शरीर की प्रतिरक्षा-प्रणाली को कम करने के लिए साइक्लोस्पोरिन दवा का उपयोग किया जाता है, ताकि आपके ट्रांस्पलांट किए गए अंग को आपके शरीर द्वारा अस्वीकार किए जाने से रोका जा सके। यह दवा आपकी सफेद ख़ून की कोशिकाओं को कमज़ोर करके नए अंग को सुरक्षा प्रदान करती है।

## मुझे यह दवा कैसे लेनी चाहिए? (How should I take this medication?)

अपने शरीर में स्थिर मात्रा (दवा का स्तर) बनाए रखने के लिए अपनी दवाएं रोज़ाना एक ही समय पर लेना बहुत ज़रूरी है।

| | |
|---|---|
| साइक्लोस्पोरिन के लिए: यह दवा **प्रत्येक 12 घंटे** पर लें (उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे और रात के 9 बजे) | आपकी दवा के समय: ___________________ |

- पेट की गड़बड़ी कम करने के लिए साइक्लोस्पोरिन **भोजन के साथ** लेनी चाहिए, लेकिन यदि आप चाहें तो ख़ाली पेट भी ले सकते हैं। एक सा नियम अपनाएं, यदि आप इसे भोजन के साथ लेते हैं, तो इसे हमेशा भोजन के साथ लें; यदि आप इसे ख़ाली पेट लेते हैं, तो हमेशा इसे ख़ाली पेट ही लें।
- गंभीर परस्पर प्रभाव पड़ने के कारण, इस दवा पर होते हुए, चकोतरा, चकोतरे का जूस, पोमैलो या सेविल ऑरेंज फल/जूस खाने/पीने से बचें।
- यदि आपको किसी प्रक्रिया या ऑपरेशन के लिए जाने की ज़रूरत है, तो आपको (उपवास) से पहले कुछ भी नहीं खाना चाहिए, इसलिए आपको अभी भी अपने नियमित समय पर पानी के साथ अपनी ट्रांस्प्लांट दवाएं **ज़रूर** लेनी चाहिएं।

## साइक्लोस्पोरिन पीने की दवा (Cyclosporine Oral Solution):

- यदि आप पीने वाली दवा ले रहे हैं, तो स्वाद बेहतर करने के लिए आप एक गिलास या सैरेमिक बर्तन (**प्लास्टिक नहीं**) में दवा डालकर उसमें सेब या संतरे का आधा गिलास जूस (**अंगूर का जूस नहीं**) मिला सकते हैं। इसे मिलाने के फ़ौरन बाद तरल दवा पीएं।
- दवा-युक्त सारा तरल पीने के बाद, गिलास में कुछ और तरल मिलाएं और यह सुनिश्चित करने के लिए पीएं कि साइक्लोस्पोरिन की पूरी ख़ुराक आपके शरीर में चली जाए।
- अपनी ख़ुराक मापने के बाद, आप ड्रॉपर के बाहरी हिस्से को साफ़ टिश्यू से सुखाएं। ड्रॉपर को पानी या किसी अन्य तरल से न धोएं। न ही ड्रॉपर फेंके, क्योंकि आपको एक बोतल के साथ केवल **एक** ड्रॉपर मिलता है। यह ड्रॉपर विशेष तौर पर साइक्लोस्पोरिन का उपयोग करने के लिए तैयार किया गया है।

## साइक्लोस्पोरिन के स्तर (Cyclosporine levels):

कृपया ट्रांस्प्लांट क्लिनिक को स्पष्ट तौर पर बताएं कि आपके लिए बढ़िया विकल्प कौन सा है।

1. ख़ुराक से पहले का स्तर: अपने ख़ून का आम नियमित टैस्ट करने से पहले अपनी सुबह की ख़ुराक न लें। अपनी ख़ुराक क्लिनिक या लैब में लाएं, ताकि ख़ून का आम नियमित टैस्ट होने के बाद आप इसे ले सकें।
2. ख़ुराक के बाद 2 घंटे पर साइक्लोस्पोरिन का स्तर। सुनिश्चित करें कि दवा लेते समय आपने सही समय दर्ज किया है, इसलिए लैब आपके ख़ून का नमूना लेते समय यह जानकारी दर्ज कर सकती है।

## छूटी हुई ख़ुराक या उलटी द्वारा निकली ख़ुराक (Missed Dose or Vomited Dose):

**यदि आपसे ख़ुराक छूट गई है,** जैसे ही आपको याद आए, अपनी दवा लें और फिर अपनी अगली ख़ुराक नियमित तौर पर निर्धारित समय पर लें। यदि आपकी अगली ख़ुराक लेने में बहुत अधिक समय नहीं बचा है, तो अपनी छूटी हुई ख़ुराक न लें और अपने नियमित समय पर ख़ुराक लेना जारी रखें। दोगुनी या अतिरिक्त ख़ुराक न लें।

यदि आपकी एंटी-रिजैक्शन (अस्वीकृत) दवाएं **1 दिन से अधिक समय तक छूट गई है,** तो आगे के निर्देश के लिए फ़ौरन अपनी ट्रांस्प्लांट टीम से संपर्क करें।

यदि ख़ुराक लेने के 30 मिनट के भीतर आपको **उल्टी** हो जाती है या यदि आप देखते हैं कि कोई दवा बाहर निकली है, तो ख़ुराक दोबारा लें। नहीं तो, बस अपने अगले निर्धारित समय पर ख़ुराक लें।

## इस दवा के कुछ संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं? (What are some possible side effects of this medication?)

| *दुष्प्रभाव* | **प्रबंधन** |
|---|---|
| *कंपन, कंपकंपाहट, सिर-दर्द, दौरे* | इन दुष्प्रभावों की मौजूदगी उच्च साइक्लोस्पोरिन स्तरों का संकेत हो सकती है। इन लक्षणों के बारे में अपने डॉक्टर या ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। |
| *कोलैस्ट्रॉल का उच्च स्तर* | स्वस्थ, संतुलित भोजन करें। वसा और चीनी की कम मात्रा वाले खाद्य पदार्थ खाएं। आहार विशेषज्ञ को खाने की योजना बनाने में मदद के लिए कहें। |
| *ख़ून में उच्च-शर्करा* | ख़ून में शर्करा की निगरानी की जाएगी और ख़ून में उच्च शर्करा के इलाज की ज़रूरत पड़ सकती है। किसी भी प्रकार से हाथ या पैर सुन्न होने या झनझनाहट होने, प्यास बढ़ने, मुंह सूखने, आपकी सांसों में फलों की गंध या पेशाब करने में वृद्धि होने के बारे में अपने डॉक्टर को बताएं। यदि आप मधुमेह से पीड़ित हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप नियमित रूप से अपनी शर्करा की निगरानी करते हैं और बताए गए अनुसार मधुमेह की अपनी दवाएं लेते हैं। |
| *मतली, उलटी, पेट में गड़बड़ी* | यदि यह तकलीफ़देह हो जाती है, तो अपने डॉक्टर या ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। |
| *मसूड़े के ऊतक में असामान्य वृद्धि और मसूड़ों से ख़ून निकलना* | रोज़ाना अपने दांत ब्रुश करें और फ़्लॉस करें और नियमित तौर पर अपने डैंटिस्ट से मिलें। अपने डॉक्टर को इन लक्षणों के बारे में बताएं। |
| *साईक्लोस्पोरिन द्वारा बीमारी या चोट का मुकाबला करने की आपके शरीर की क्षमता कमज़ोर हो जाती है* | अपनी ट्रांस्प्लांट टीम को संक्रमण के संकेतों (बुख़ार, कंपकंपी, दिल की तेज़ गति, ज़ुकाम और फ़्लू) के बारे में बताएं। सक्रिय संक्रमण वाले लोगों के नज़दीकी संपर्क में आने से बचने की कोशिश करें। बार-बार हाथ धोएं। |
| *किडनी की कार्यक्षमता में कमी* | साइक्लोस्पोरिन के उच्च स्तर आपकी किडनी की कार्यक्षमता को कम कर सकते हैं। आपके साइक्लोस्पोरिन के स्तर की बढ़िया ढंग से निगरानी की जाएगी और ख़ुराक को आवश्यकतानुसार ठीक किया जाएगा। यदि आप अपने पेशाब या पेशाब की मात्रा में कोई बदलाव देखते हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *पोटैशियम का उच्च स्तर* | आपके पोटैशियम के स्तर की निगरानी की जाएगी। मांसपेशियों की किसी भी कमजोरी, आपके शरीर के प्रभावित अंग सुन्न होना या दिल की अनियमित धड़कन के बारे में फ़ौरन अपनी ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। |
| *मुहांसे या त्वचा के अन्य परिवर्तन, चेहरे या शरीर पर बाल बहुत अधिक बढ़ने* | इन लक्षणों के बारे में अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *कैंसर* | यह दवा लेने से त्वचा और अन्य कैंसर के प्रति आपके ख़तरे बढ़ सकते हैं। यदि आपका कैंसर का रोग-निदान हुआ है, तो कृपया अपनी ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं। अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया “कैंसर संबंधी जोखिम” भाग देखें। |